## खबर संक्षेप

### जल संरक्षण नशा मुक्ति वृद्धा पेंशन श्रमिक कार्ड सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने अभियान



**भुआबिछिया।** जन अभियान परिषद भुआबिछिया द्वारा विकास खंड बिछिया, मवई में सोमवार को CMCLDP की सम्पर्क कक्षा में जल संरक्षण नशा मुक्ति वृद्धा पेंशन श्रमिक कार्ड सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने अभियान हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी ने विद्यार्थियों को विविध गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि किसी ग्राम का विकास करना हो तो ग्राम के सभी व्यक्ति की स्वावलंबन की भावना से काम करना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजना का क्रियान्वयन होना आवश्यक है इस कड़ी में छात्रोंकी को प्रयोगशाला ग्राम हेतु जल संरक्षण नशा मुक्ति अभियान वृद्धा पेंशन श्रमिक कार्ड एवं अन्य योजनाओं को छात्र प्रतिशत लागू करने हेतु मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विकास खंड समन्वयक कीर्ति कुरील और सुनील कुमार साहू, परामर्श दाता सही छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने की चैक देकर मीना की आर्थिक सहायता

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने समय सीमा की बैठक के उपरांत मीना अहिरवार को ईलाज के लिए 5 हजार रूपए का चैक देकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया। मीना ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन देकर अपनी समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि एक्सीडेंट होने से शरीर में गंभीर चौटें आई। मेरी आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण इलाज कराने में असमर्थ थी। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मीना अहिरवार के आवेदन की जांच कराकर रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से आवेदक मीना को 5 हजार रूपए की सहायता उपलब्ध कराई।

## ट्रेडिंग व इन्वेस्टमेंट के नाम से ठगी करने अंतरराज्यीय सायबर ठग गिरोह का खुलासा

# करोड़ों की ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

* आइपीओ खरीदने का झांसा देकर राशि हडपी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया




दिनांक 30.09.2024 को आवेदक अंकुश झारिया निवासी ग्राम अंजनियां ने चौकी आकर एक लिखित आवेदन में दिया कि दिनांक 25.08.2024 को मोबाईल नंबर से मैसेज किया गया कि हम ऑन लाईन ट्रेडिंग के माध्यम से लोगों को अच्छा मुनाफा कमा देते हैं एवं आपके मुनाफे का 15 प्रतिशत सेवा शुल्क लेते हैं जिससे प्रभावित होकर मैंने दिनाक 26.08.2024 को इनके द्वारा भेजा गया फस्ट बैंक लिमि. ओ रिहान इंटरप्राइजेस के नाम से रजिस्टर्ड है एवं शाखा लुधियाना सेक्टर 32 बाच एवं आईएफएससी कोड जिसमें राशि 20,000/- फोन पे के माध्यम में भेजिये जिससे मैं आपको आपके ट्रेडिंग अकाउंट से ट्रेडिंग संचालन करवा सकू ऐसा मुझे बोला गया एव मो.नं. से मुझे एक लिंक भेजी गई और ऐप डाउनलोड करने के लिये बोला गया जिसको मैंने डाउनलोड किया तो वहां कोटेक का लोगों दिख रहा था एवं कोटेक अल्टरनेट असेट मैनेजर लिमिटेड आ रहा था एवं मेरी राशि 20,000/- रु. भी दिख रही थी। इसके बाद मुझे दिनाक 28.08.2024 को फिर से बोला गया कि आप जितनी अधिक राशि जमा करेने उतना अधिक मुनाफा कमाएँगे तब किर 28.08.2024 को ही मी द्वारा संबंधित ट्रेडिंग ऐप में राशि जोड़ने के लिये बोला गया तब में यूको बैंक जो गायत्री फेशन के नाम से रजिस्टर्ड है जिसमे भी मेरे द्वारा 15,000/-रु. की राशि फिर से फोन-पे के माध्यम से भेजा गया जिसका एवं ट्रेडिंग ऐप में मुझे 15000/-रु. की राशि जुड़कर इसका मुनाफा दिखता रहा जिससे में और भी प्रभावित हो गया और दिनांक 04.09.2024 को मुझे मोबाईल से बोला गया पर्मानेंट मेंबर बनना है तो ग्रुप के प्रमुख से मोबाईल पर व्हाट्सअप के माध्यम से सम्पर्क करलें तब मैं उससे बात किया तो उसने बताया कि आप जितना ज्यादा पैसा लगाओगे और प्रोफिट कमाओगे जिससे पर्मानेन्ट बनने के लायक हो जाओगे और भी लाभ कमाने के लिये और भी रुपये जोड़ सकते हैं तब में दिनांक 04.08.2024 को मेरे पिता जी द्वारा दी हुई राशि 17,00,000/- रुपये जो उनके रिटायरमेंट से मिली थी को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा अजनिया आकर उनके द्वारा दी गयी बैंक खाता में पैसा डाल दिया। जो श्री बालाजी ट्रांसपोर्ट के नाम से रजिस्टर्ड है एवं बैंक का नाम द कॉसमॉस को ऑपरेटिव बैंक लिमि. ब्रान्च बासी जिसने मेरे द्वारा स्वयं के खाते से राशि 17,00,000/-रु. उनके खाते में आरटीजीएस के माध्यम से पहुंचा दिया गया। जिसके बाद मुझे आईपीओ खरीदने के लिये दिनांक 16.09.2024 को बोला गया फिर मैं ट्रेडिन ऐप के माध्यम से आईपीओ खरीदा जो मुझे 17.09.2024 को एप में दिखा एवं मुझे राशि 72,11,056/ अपने ट्रेडिग अकाउंट में माइनस में दिखा जिससे मे बहुत चिंतित हो गया एवं पुनः इन मोबाईल नं से संपर्क किया गया तब मुझे बोला गया कि आप राशि 72,11,056/ जमा करोगे तब आपका अकाउंट फिर से चलाने योग्य होगा अन्यथा आपकी पूरी राशि डूब जायेगी इसके बाद में इन मोबाईल नंबरों द्वारा संचालित वाट्सअप ग्रुप जिसका नाम KAAMMI TRADER BASE 86 में इसकी जानकारी दी तब मुझे पता चला कि यह होता है आपको यह राशि जमा करना ही होगा अतः चिंतित अवस्था में मैने इनके द्वारा प्रदान की गई लिंक जो कोटेक के नाम से था उसके बारे में पता लगाने लगा जिससे मुझे पता चला कि यह आपके साथ धोखाधड़ी की गई है। जिसमें सायबर सैल की मदद से कई महत्वपूर्ण सुराग मिले थे जिसको कन्फर्म करने के बाद उनि. लाखन सिंह राजपूत के नेतृत्व में गुजरात रवाना हुई टीम ने गुजरात के अहमदाबाद, गांधीनगर, राजकोट, मेहसाणा में रूककर सायबर सैल व मुखबीरों के माध्यम से तीन शातिर आरोपियों विशाल झाला पिता शंकर झाला उम्र 27 वर्ष निवासी महादेव मंदिर नगर चौक वेडा थाना कलोल जिला गांधीनगर गुजरात, लक्ष्मण पिता आत्मराम ठाकौर उम्र 47 वर्ष निवासी दानज थाना कलोल जिला गांधीनगर गुजरात, नीरव पोपट पिता मनी लाल उम्र 43 वर्ष निवासी के. 1201 गाला हैवन वैष्णव देवी सर्कल के पास एस.जी हाईवे अहमदाबाद गुजरात को गिरफ्तार किया गया व अन्य आरोपीगण फरार हैं।

ये शातिर आरोपी व्हाटसअप व टेलीग्राम ग्रुप में लोगों को जोडकर ट्रेडिंग व इन्वेस्टमेंट के नाम से ठगी करते थे तथा अंतर्राष्ट्रीय सायबर ठगों ने देश के 16 राज्यों में 48 शिकायतों में 6 करोड 96 लाख रूपये (लगभग 7 करोड़) से भी अधिक की ठगी की है। देश के राज्य दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, तमिलनाडू, उत्तरप्रदेश, गुजरात, आन्ध्रप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, केरल, कर्नाटक, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, बिहार, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश सहित 16 राज्यों में ठगी की है। शातिर आरोपियों की मोडस ऑपरेंडी ये थी कि ये लोग लोगों को कंपनी के आइपीओ खरीदने व ऑनलाईन आइपीओ खरीदने का झांसा देते थे तथा गरीब मजदूर वृद्ध लोगों के बैंकों में खाता खुलवाकर उनकी चैक बुक में उनके हस्ताक्षर करवाकर खुद रखते थे जिनके खातों में ये कॉल सेंटर के माध्यम से इन्वेस्टमेंट के नाम पर पैसा जमा करवाते थे फिर उनकी चैक बुक के माध्यम से खुद जाकर बैंक से पैसा निकालकर शेयरिंग करते थे।

यह गिरोह देश के बड़े शहरों में अपना फर्जी कॉल सेंटर संचालित करते हैं जिसमें से एक टीम फर्जी कॉल सेंटर चलाती है तथा दूसरी टीम पैसा विड्रावल कराती है और इसमे कई फर्जी सिम कार्ड का इस्तेमाल करते हैं। और देश के कई राज्यों में इनकी टीमें काम कर रही है।

इस प्रकार के गंभीर प्रवृत्ति के अपराध करने वाली गैंग को करीब एक सप्ताह की कडी मेहनत व विपरीत परिस्थितियों में गुजरात राज्य में सायबर सेल के सहयोग से काफी प्रयासो के बाद गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। जो मण्डला मध्यप्रदेश पुलिस की एक बडी उपलब्धि है। उक्त स्पेशल टीम में चौकी प्रभारी अंजनियां उनि. लाखन सिंह राजपूत, सउनि. अशोक चौधरी, प्र.आर. भूपेन्द्र धुर्वे, आर. सुनील सिंह, आर. कीर्ति कुमार, आर. विलेन्द्र नायक, आर. अंचल बघेल एवं सायबर सेल टीम की विशेष भूमिका रही।

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री ने किया रैन बसेरा में कंबल बैंक का शुभारंभ



* अब मरीजों के परिजनों को ठण्ड से नहीं होगी समस्या साथ ही भोजन बनाने की भी मिल रही सुविधा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उईके ने जिला चिकित्सालय में स्थित रैन बसेरा में कंबल बैंक और सांझाचूल्हा का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय में ठहरे मरीजों, उनके परिजनों सहित जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया। जिला चिकित्सालय के रैन बसेरा में ही मरीजों के परिजनों के लिए सांझाचूल्हा की व्यवस्था भी गई है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, सीएमएचओ केसी सरोते, सिविल सर्जन विजय धुर्वे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित है।

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उईके ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह नवाचार जिला प्रशासन की आमजन की सेवा को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि कंबल बैक खोलने का मुख्य उद्देश्य मरीज के परिजनों को ठंड से राहत दिलाना है। अस्पताल में सबसे ज्यादा समस्या मरीजों के परिजनों को ही उठानी पड़ती है। परिजनों को ठंड से बचने के लिए यह कंबल बैंक अवश्य ही सहायक होगा।



## प्रत्येक पंचायत और नगरीय निकाय के वार्डों में लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रदेश में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक लोक कल्याण अभियान तथा 15 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक लोक कल्याण पर्व मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अभियान की तैयारियों के संबंध में जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करना है। अभियान 11 दिसम्बर से गीता जयंती से आरंभ होगा। इसका समापन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस को होगा। अभियान के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय के प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। इन शिविरों में भी यदि हितग्राही लाभ पाने से वंचित रह गए तो उन्हें 26 जनवरी को लाभान्वित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और शहरी क्षेत्र के लिए आयुक्त नगर निगम नोडल अधिकारी होंगे। कलेक्टर पूरे जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के शिविरों की तिथियाँ निर्धारित कर प्रिंट और सोशल मीडिया के माध्यम से उनका प्रचार-प्रसार कराएं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक शिविर के लिए नोडल अधिकारी तथा अधिकारियों के दल तत्काल तैनात कर दें। प्रत्येक दिन की गतिविधि तथा लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज होगी। विभाग अपनी योजनाओं का लाभ देने के लिए अलग से भी शिविर लगा सकते हैं। परिवहन विभाग स्कूल और महाविद्यालयों में शिविर लगाकर ड्राइविंग लाइसेंस बनाएं। राजस्व महाभियान अब 15 दिसम्बर को समाप्त नहीं होगा। यह अभियान 26 जनवरी तक चलाया जाएगा। लोक कल्याण अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों, विकासखण्डों, अधिकारियों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस में सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक लोक कल्याण पर्व मनाया जाएगा। इस अवधि में अलग-अलग विषयों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 11 दिसम्बर को गीता जयंती पर गीता पाठ का आयोजन होगा। अभियान के दौरान सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया जाए। लोकार्पण और भूमिपूजन के कार्य भी कराए जाएंगे। इस अवसर पर मंडला एनआईसी से नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## विधायक नारायण सिंह पट्टा ने किया पानी टंकी एवं पाइप लाइन विस्तारीकरण का भूमिपूजन



**भुआबिछिया।** नगर पंचायत क्षेत्र बिछिया में वॉर्ड क्रमांक 06 बापा स्कूल परिसर में नगरवासियों को जल सुविधा मुहैया कराने हेतु तथा जल समस्या को दूर करने हेतु पानी टंकी निर्माण एवं पाइप लाइन विस्तारीकरण का कार्य किया जाना है। जिसका भूमिपूजन 09/12/2024 दिन सोमवार को बिछिया विधानसभा के विधायक नारायण सिंह पट्टा के करकमलों से हुआ जिसमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रानू रणधीर राजपूत, पार्षदगणों में विकास ग्वले, चेतना राजपूत, हर्षलता श्रीवास, मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपयंत्री कुरैशी जी समेत नगर परिषद स्टाफ एवं नागरिक जन उपस्थित रहे। उक्त भूमिपूजन के पश्चात विधायक के द्वारा बापा स्कूल के शिक्षकों के द्वारा स्कूल के निरीक्षण का आग्रह किया गया जिसके बाद विधायक के द्वारा निरीक्षण कर बापा वनवासी शाला में व्याप्त जल समस्या टपकती छत उचित शाला में उचित व्यवस्था हेतु शासन से उच्च स्तरीय पत्राचार कर समस्या का निराकारण कराने की बात कहीं।

## सम्मान समारोह | नौकरी वाला लड़का बेरोजगार लड़की से शादी कर लेता है फिर लड़की क्यों नहीं करती

# लोधी समाज ने आयोजित किया प्रतिभा सम्मान समारोह

* जानकारी के लिये गणना जरूरी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






नौकरी वाला लड़का बेरोजगार लडकी से शादी कर लेता है तो फिर नौकरी वाली लड़की नौकरी वाले को ही क्यों तलासती है यह पद्धति समाज में असामनता ला रही है जबकि एक रोजगार युक्त लड़के या लड़की को विचारों व भावों के मिलान से बेरोजगार से शादी कर लेना चाहिए, उक्त उदगार विगत दिवस पदमी चौराहा के तपसी आश्रम में लोधी प्रतिभा सम्मान एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन के समारोह में जबलपुर जोन के जी.एस.टी. कमिश्नर लोकेश लिल्हारे द्वारा व्यक्त किये जा रहे थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लोधी क्षत्रीय समाज के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि हम अपनी समाज की गणना करेंगे ताकि पता चल सके कि समाज का कौन व्यक्ति किस पद पर व किस कार्य में लगा हुआ है।

उक्त भव्य समाज का आयोजन जिला लोधी क्षत्रीय समाज एवं अखिल भारतीय लोधी–लोधा लोध कर्मचारी अधिकारी संघ (आलोक) मंडला द्वारा किया गया था। कार्यक्रम का शुभारम्भ माता सरस्वती, रानी अवंती बाई एवं पूज्य संत देवेश दास तपसी के चित्र पर माल्यार्पण एवं ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। सरस्वती वंदना एवं देश भक्ति व धार्मिक गीतों की प्रस्तुति मधु एवं अनुराग ठाकुर द्वारा की गई। इस अवसर पर वर्ष 2024 में कक्षा दसवीं व बारहवी में 70 प्रतिशत एवं इससे अधिक अंक अर्जित करने वाले समाज के छात्र–छात्राओं को बारी बारी से स्मृति चिन्ह व प्रशस्ती पत्र देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इसी क्रम में महाराजपुर संगम घाट पर समाज की धर्मशाला निर्माण समिति समेत अन्य उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण आलोक के जिला अध्यक्ष बाल सिंह ठाकुर एवं लोधी क्षत्रीय समाज के अध्यक्ष रतन सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। डॉ. विजय बरैया भोपाल, संजय पटेल जबलपुर, एस.के. गिरिया, रूद्र प्रताप सिंह पटेल, हरनाम सिंह, उमेश सिंगरौरे आदि के द्वारा मौजूद छात्र– छात्राओं को आगामी परीक्षाओं में उतीर्ण होने के टिप्स बताये गए, वहीं प्रतिभावान छात्रा प्रथा ठाकुर द्वारा भी अपनी तैयारी के संबंध में विचार व्यक्त किये गए। इस दौरान आपराजिता कार्यक्रम के तहत मंच से पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय की छात्रा पूर्वी ठाकुर द्वारा आत्मरक्षा को लेकर कराटे का प्रदर्शन किया गया, राजेंद्र ठाकुर द्वारा विभिन्न पक्षियों की आवाज सुनाकर लोगों को मन्त्र मुग्ध किया गया। कार्यक्रम का संचालन कन्हैया ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन के.के.ठाकुर द्वारा किया गया। उक्त भव्य समारोह में मण्डला जिले के साथ–साथ सिवनी, बालाघाट, नरसिंहपुर, डिंडोरी, जबलपुर आदि स्थानों से लोग भारी संख्या में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय ठाकुर, सिवेश ठाकुर, हुलकरबंधू ठाकुर, सुनील जंघेला, विजय जंघेला, शंकर, अषाढू ठाकुर, सत्येन्द्र सिंगरौरे, नितांत ठाकुर, कुंजन जंघेला आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## साहित्य समागम काव्य धारा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पिकनिक के आनंद के साथ साहित्यिक समागम में शामिल हुए नगर के वरिष्ठ साहित्यकार। श्रीमती अर्चना जैन के संयोजन में संस्कार भारती, अखिल भारतीय साहित्य परिषद, हिन्दी लेखिका संघ और शहर समता विचार मंच के सामूहिक बैनर तले स्थानीय रेवांचल पार्क में काव्यधारा गोष्ठी का सुमधुर आयोजन हुआ। विभिन्न सामाजिक प्रारब्धों को समेट कर बहुमुखी विषयों को प्रतिपादित किया गया। संयोजिका अर्चना जैन के साथ प्रीति दुबे का संयुक्त संचालन बड़ी कुशलता से किया गया। हिन्दी लेखिका संघ की अध्यक्ष मालती लखेरा ने अध्यक्षीय दायित्व अखिल भारतीय साहित्य परिषद की संरक्षिका प्रतिमा बाजपेयी ने मुख्य अतिथि की आसंदी और विदुषी शिक्षिका प्रज्ञा ताँबे ने विशिष्ट अतिथि के पद को सुशोभित किया। विख्यात संगीतज्ञ जगदीश कछवाहा, गोंडी पब्लिक ट्रस्ट के संचालक विजय अग्रवाल और मूर्धन्य कवि नवीन जैन अकेला ने मंच को सुशोभित किया। प्रकृति की गोद में आयोजित यह कार्यक्रम मन को लुभाने वाला रहा। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की संरक्षिका, संस्कार भारती और शहर समता विचार मंच की अध्यक्षा, हिन्दी लेखिका संघ की सचिव डॉ. अर्चना जैन ने प्रेस रिलीज़ में बताया कि ऐसे आयोजन जहां समाज को दिशा देते हैं वहीं साहित्यकारों को मंच भी उपलब्ध करवाते हैं। सार्वजनिक स्थान पर ऐसे आयोजन से जनसामान्य को भी जुड़ने का अवसर मिलता है। अखिलभारतीय साहित्य परिषद, शहर समता मंच और संस्कार भारती की सचिव प्रीति दुबे ने कार्यक्रम का सुंदर आकर्षक संचालन किया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद अध्यक्ष नवनीता दुबे नूपुर और संरक्षक प्रतिमा बाजपेयी की आयोजन को पूर्णता प्रदान करने में सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए प्रज्ञा मिश्रा ने सरस्वती वंदना की तत्पश्चात नीलू मुस्ताजर की रक्तदान का पुण्य ले शरीर दान महान दान, प्रज्ञा वाजपेयी की जबसे मेरा दर्द बढ़ा है, नवीन जैन की चाचा चलें गए, रश्मि वाजपेयी की सूरज और निशा की अठखेलिया, विनीता मिश्रा की पहचान स्वयं की, नवनीता दुबे की पढ़ना लिखना है जरूरी, अर्चना जैन की सदचरित्र जिनको कहते हैं, प्रतिमा वाजपेयी की गोल जगत के रंग सुहाने, सविता मोदी की माँ से ममता का सुखद अहसास, प्रज्ञा ताँबे की कितनी खूबसूरत ये तस्वीर है, मालती लखेरा की यमुना तट बंसी वट और प्रीति दुबे की अटल सत्य इन मधुरम प्रस्तुतियों ने सभी को आनंद विभोर कर दिया। आभार प्रदर्शन प्रतिमा वाजपेयी ने किया।

**खबर संक्षेप**

## पशुओं को जबरन क्रूरता पूर्वक भरकर ले जाने पर हुआ मामला दर्ज

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार चौकी पुलिस द्वारा क्षेत्र में गस्त की जा रही थी उसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक सफेद रंग के छोटा हाथी वाहन में पशुओं को क्रूरता पूर्वक जबरन भर कर ले जा रहे है। इस सूचना के चलते जब पुलिस द्वारा सहावन गांव से जनकपुर तिरहा के पास जाकर देखा तो सहावन तरफ से सफेद रंग का छोटा हाथी वाहन क्र. MP05G8270 आया जिसे रोक कर चेक किया जिसमें 02 नग भैंस एंल 02 नग पडे कुल 04 नग जानवर क्रूरता पूर्वक ठूस ठूस कर भरे हुये थे वाहन के अंदर जानवरो के चारा पानी की व्यवस्था नही थी वाहन में अत्यधिक मात्रा में जानवर भरे होने से जानवरो की मृत्यु हो सकती थी। वाहन चालक से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम रामकुमार पिता छुट्टन गूर्जर उम्र 24 साल निवासी ग्राम माल्हनवाडा थाना बनखेडी जिला नर्मदापुरम का होना बताया गया तथा जानवरो को माल्हनवाडा गुड्डु गुर्जर के यहाँ ले जाना बताया गया। वही पुलिस ने वाहन चालक रामकुमार गुर्जर का कृत्य धारा 11(1)(घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत दण्डनीय पाये जाने से पशुओं सहित वाहन क्र. MP05G8270 को जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ धारा 11(1)(घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 एंव 66/192 ए मोटरयान अधिनियम के तहत मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## मोटर साईकिल की टक्कर से घायल

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है मैं प्रतिभा कालोनी गाडरवारा मे रहता हूँ। बीते हुये दिवस अपने साथी रीतेश ठाकुर के साथ अपनी मो.सा. क्र. MP49ZB2813 से सालीचौका से अपने घर गाडरवारा आ रहा था मेरा साथी रीतेश ठाकुर मो.सा.चला रहा था मैं पिछली सीट पर बैठा था। उसी समय पलोटनगंज तरफ से आ रही एक मोटर साईकिल क्रमांक MP49MK4001 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपनी मोटर साईकिल को चलाते हुये हमको टक्कर मार दी गई जिसके चलते प्रार्थी व उसके साथी को चोटे अपने पर पुलिस द्वारा आरोपी मोटर साईकिल चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## बिजली कर्मचारी के साथ मारपीट करने वाले दो भाईयों पर माममा दर्ज

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस बिजली विभाग में पदस्थ सुबोध कुमार पिता बच्चानंदन सिंह उम्र 38 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम खैरी काम बिजली बिलों की बसूली व बिजली चोरी की जांच करने के लिये गया हुआ था उसी दौरान वहां की पानी की टंकी के पास संदीप कौरव के द्वारा अवैध रूप से डोरी जोड़कर चोरी से घर में विद्युत का उपयोग करते पाया गया तथा मौके पर उनके भाई रजनीश कौरव द्वारा रिपेरिंग हेतु बैल्डिंग मशीन चोरी से चलाता पाया गया। जब उनसे कनेक्शन लेने को बोला गया तो दोनो भाईयों ने एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा मोबाईल फोन को जमीन पर पटकर तोड़ दिया गया। जिसके चलते पुलिस ने बिजली विभाग में कार्यरत कर्मचारी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने सहित अन्य धाराओं के तहत मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## महिला के साथ की गई मारपीट

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम खैरूआ निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब रात लगभग 11 बजे वह अपने घर के सामने खड़ी हुई थी उसी दौरान गांव ही निवासी धन्नू लाल यादव आया और गंदी गंदी गालिया देने लगा।

### पान में चमन बहार की तर्ज पर उपयोग किये जा रहे डामरीकरण के चलते आगे पाठ पीछे सपाट की कहानी हो रही उजागर

# लिलवानी कोठिया मार्ग सुधार कार्य के नाम पर निभाई जा रही औपचारिकता





हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। जहां एक ओर केन्द्र में बैठी हुई सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों को शहरों से जोड़ने के लिए गांव गांव पक्की सड़कों का निर्माण हर साल करोड़ो रूपया खर्च किया जा रहा है। मगर उन सड़कों का निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों की मिली भगत के चलते जिस प्रकार से सड़कों के निर्माण कार्यो को अंजाम दिया जाता है उसके चलते यदि कोई सड़क पूरे एक वर्ष भी चल जावे तो बड़ी बात साबित होने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय समीपस्थ जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लिलवानी से कोठिया के बीच बनी हुई प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क में देखने मिल रही है। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत 4.7 किलो मीटर सड़क को अभी बने हुए मात्र कुछ ही साल निकले हुये है। जिस तरह सड़क टूटते हुये दिखाई देने के कारण सड़क किनारे बडे बडे खड़े दुर्घटनाओं को आमंत्रण देने में कोई कसर नही छोड़ रहे थें। इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा बीते हुये माह यानि की 12 नबंवर 2024 के अंक में प्रमुखता के साथ उजागर किया था। हरिभूमि द्वारा उठाई गई आवाज के चलते सड़क का सुधार कार्य तो शुरू हो चुका है। मगर मौके पर सुधार कार्य के दौरान संबंधित कंपनी द्वारा जिस तरह सड़क पर डामरीकरण किया जा रहा है उसमें पान में चमन बाहर के तरह डामर का उपयोग किया जाने के कारण जहां सड़क सुधार कार्य के नाम पर मात्र औचारिकता साबित होते हुये जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर आगे पाठ पीछे सपाट की सच्चाई देखने मिल रही है। क्योंकि इस सड़क का सुधार कार्य पूर्ण किये जाने के बाद छोटे छोटे वाहनों के निकलते ही सड़क का डामर व बजरी उखडते हुये सड़क पर फैलते हुये सुधार कार्य में अपनाई जा रही गुणवत्ता को खुद ही उजागर करते हुये दिखाई दे रही है..? इस सड़क निर्माण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस सड़क के निर्माण होने के कुछ दिनों उपरांत ही जिस तरह जहां तहां दरारे निकलने की शुरूआत होने से सड़क के निर्माण में अपनाई गई गुणवत्ता अपने शुरू हो चुकी थी। ज्यों ज्यो समय बीतते चला गया और यह सड़क बदहाल होने के चलते इस समय सड़क की स्थिति इस तरह बन चुकी है कि लोगों को वाहन चलाते हुये निकलना तो दूर की बात पैदल तक निकलने में परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा है। जब वाहन चालक सड़क से अपने वाहनों को निकलते है तो वह अपने आपकों मौत कुंआ में वाहन चलाने के समान महसूस करने से नही चूक रहे थें। इस प्रकार से कुछ साल पहले बनी ग्राम लिलवानी से कोठिया की बीच की सड़क केन्द्र सरकार की योजना के तहत लगभग 168.69 लाख रूपया की लागत से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनाये जाने के लिये स्वीकृति प्रदान हुई थी जिससे यहां के लोगों ने सपना देखा था कि उनका गांव पक्की सड़क से जुड़ जाने के बाद उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त होने लगेगे और इस सड़क के निर्माण के लिए जे एम डी कंस्ट्रक्शन कंपनी शिवपुरी करेरा की कंपनी द्वारा ठेका लिया गया था तथा इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू करने की तिथि 22 दिसम्बर 2009 से 21 दिसम्बर 2010 तक पूर्ण करना था। मगर मौके पर लगे हुये वोर्ड को कई साल गुजर जाने के बाद इस सड़क निर्माण हो पाया था जिसके चलते सड़क निर्माण व मौके पर लगे हुये वोर्ड में कई सालों का अंतर बताया जा रहा है? वही सड़क को गुणवत्ता के साथ निर्मित करते हुए इस सड़क की ठेकेदार द्वारा 5 वर्ष तक की गारंटी का भी एग्रीमेन्ट निर्धारित किया गया था, जिसके चलते सड़क निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा सड़क निर्माण कार्य की शुरूआत जिस प्रकार से की गई तो उसकी गुणवत्ता पर सबाल खड़े होने के कारण इस सड़क का निर्माण कार्य कापी समय तक बंद रहा जिसके चलते कंपनी द्वारा सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने की तिथि की बात तो दूर सड़क निर्माण का गारंटी अवधी भी बगैर निमार्ण हुए ही निकल गया था। इस प्रकार से सड़क निर्माण कार्य शुरू होने के कई साालों तक सड़क का काम बंद होने के बाद शायद किसी दूसरी कंपनी द्वारा इस सड़क का निर्माण किया गया था। इस तरह आपा धापी के बीच चंद दिनों के अंदर जिस प्रकार से सड़क का निर्माण कार्य किया गया था उसे देखते हुए यह बात स्पष्ट होते हुए जान पड़ रही थी कि कंपनी द्वारा सड़क निर्माण में गुणवत्ता को दर किनार किया जा रहा है और इस सड़क का भविष्य ज्यादा दिनों का नही हो सकता है? क्योंकि इस सड़क के निर्माण के दौरान कंपनी द्वारा बेश तथा अन्य कार्यो में स्थानीय नदी का बजरा के रूप में चुन कंकडो का उपयोग किया गया है। वह इस बात को स्पष्ट रूप से संकेत दे रहा था कि सड़क बनने के कुछ दिन बाद ही टूटना शुरू हो जावेगी। क्योंकि खेते में पाये जाने वाले चुन कंकड़ो की विशेषता घुलनशील के रूप में मानी जाती है जब उन पर बजन पड़ता है तो वह घुल जाते है और इस प्रकार से गुणवत्ता हीन सामग्री उपयोग होने की सच्चाई को लेकर स्थानीय स्तर पर मीडिया द्वारा प्रमुखता उजागर भी किया गया था। मगर उस समय न तो किसी क्षेत्र के अच्छे नेता द्वारा ध्यान दिया गया था और न ही संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा जिसके चलते चंद दिनों के अंदर इस सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ साथ किसी भी प्रकार से निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा सड़क पर डामरीकरण करते हुए उसे काला तो कर दिया गया था। मगर अब इस सड़क की सच्चाई इस प्रकार से देखने मिल रही है कि सड़क का निर्माण हुए अभी कुछ साल ही बीते होगे और इस सड़क में जहां तहां निकल रही बड़ी बड़े ददारे तथा टूट रही सड़क अपने आप ही अपनी गुणवत्ता की कहानी बताते हुए जान पड़ रही है? अनेक जगहों पर तो गड्डो की स्थिति इस तरह देखने मिल रही है कि वह मौत का कुंआ साबित होने से नही चूक रहे है। इस तरह वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालते हुये निकलने के लिये मजबूर देखे जा रहे है। इस तरह बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी ग्राम लिलवानी कोठिया मार्ग के निर्माण को लेकर क्षेत्र के लोगों द्वारा शासन प्रशासन से पुनः गुहार लगाई जा रही थी। इस तरह इस सड़क का सुधार कार्य तो शुरू हो गया है मगर वह मात्र औपचारिकता पूर्ण साबित होने से नही चूक रहा है। क्योंकि जहां आगे से सड़क सुधार के नाम पर डामरीकरण किया जा रहा है तो पीछे से वही डामर उखड़ते हुये दिखाई दे रहा है..?

## शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस द्वारा कुचबंदिया मुहल्ला में भारी मात्रा में शराब जप्त करते हुये दस क्विंटन लाहन किया नष्ट

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में गाडरवारा पुलिस द्वारा बीते हुये दिवस नगर के कुचवंदिया मुहल्ला में बीते हुये तीन दिनों से अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते तीन दिन में 74 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त करने के साथ ही 10 क्विंटल लाहन नष्ट किया गया। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देश अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन, संधारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने हेतु उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में स्थानीय थाना प्रभारी नगर निरीक्षक प्रियंका केवट के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की गई । बताया जाता है कि मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है। जिसके चलते अलग-अलग पुलिस टीम के द्वारा नगर के कुचबंदिया मोहल्ला में दबिश देकर आरोपी विक्की पिता कल्लू कुचबंदिया उम्र 36 वर्ष निवासी हनुमान वार्ड गाडरवारा के कब्जे से 14 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा एक महिला के कब्जे से 5 लीटर कच्ची महुआ शराब समक्ष गवाहान जप्त की गई। इसी प्रकार से रविवार को सोसायटी के पास डोलाबाबा गाडरवारा में आरोपी गनेश पिता खेतसिंह जाटव उम्र 28 वर्ष निवासी बगीचा मोहल्ला डोलाबाबा के कब्जे से 5 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई करते हुये तीनों आरोपीगण के विरूद्ध 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । वही दूसरी ओर रविवार की रात मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि हेमंत नीरस निवासी विवेकानंद वार्ड में भारी मात्रा में अवैध शराब के विक्रय



करने हेतु रखा हुआ है। जिसके चलते पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश देकर आरोपी हेमंत नीरस पिता विनोद नीरस (कुचबंदिया) उम्र 32 वर्ष निवासी कुचबंदिया मोहल्ला के कब्जे से 4 कुप्पों में अवैध रूप से रखी 60 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती लगभग 6,000 रूपये समक्ष गवाहान जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया । इस तरह बीते हुये तीन दिनों से पुलिस टीमों द्वारा मजबूत मुखबिर तंत्र के आधार पर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर अवैध शराब के निर्माण हेतु उपयोगी करीबन 10 क्विंटल लाहन एवं संधारण के डिब्बे नष्ट करने में सफलता प्राप्त की गई। इस कार्यवाही में मुख्य रूप से उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक प्रियंका केवट के आलवा उप निरीक्षक मनीषा लिल्हारे, सहायक उप निरीक्षक राजेश शर्मा,प्रधान आरक्षक भास्कर पटैल, अंजली दुबे, वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, कमलेश, रूपेन्द्र चौबे, मोहन चौरे, आरक्षक बालकिशन रघुवंशी, दिनेश पटैल, सुजीत बागरी, ऐश्वर्य वेंकट, हरिशंकर, नसीम अख्तर, महिला आरक्षक नेहा पटैल शामिल रही।

## दिल्ली में दम दिखाएंगे में संचालित यूसीमास के 17 प्रतिभाशाली बच्चें, यू सी मास कक्षा बौद्धिकता की पराकाष्ठा है- डागा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के बच्चों ने एक बार फिर अपनी मेहनत और काबिलियत से नया मुकाम हासिल किया है। वही बताया जाता है कि यह बच्चें आगामी 14 दिसंबर को नई दिल्ली के दिल्ली यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय यूसीमास अबेकस मेंटल मैथ्स प्रतियोगिता में यूसीमास गाडरवारा सेंटर के 17 प्रतिभाशाली छात्रों का चयन हुआ है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 50 देशों के 6000 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे है। वही प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को 200 गणितीय सवालों का हल मात्र 8 मिनट में निकालना होगा। ग्लोटच अकादमी यूसीमास गाडरवारा के बच्चों ने इससे पहले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए नगर को गौरवान्वित किया था। अब ये बच्चे अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर पेश करने के लिए तैयार हैं। अभ्यास और समर्पण का बना आदर्श, सभी चयनित बच्चे दिन-रात अभ्यास में जुटे हुए हैं। नगर के यूसीमास सेंटर के अनुभवी प्रशिक्षक बच्चों को कठिन से कठिन समस्याओं के समाधान की तकनीकें सिखाने में लगे हैं। बच्चों और उनके अभिभावकों का कहना है कि यह मौका उनके जीवन को नई दिशा देने वाला है। वही संस्था के संचालक नवीन सोनाली चौबे के अनुसार ये बच्चे इस अद्वितीय अवसर पर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में नगर की ओर से भारत राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाले हैं। श्रेष्ठ/ विक्रांत नगरिया,आरव /कमलेश बोहरे, शुभ /नरेंद्र चौधरी, लक्ष्य /राहुल परचानी, नमामि/श्रीकांत कौरव, मोइज/ उल हक, प्रयान/ राधा मोहन तिवारी,आर्या /मनीष तिवारी, मोनिश/पवन कौरव, आदित्य/ बलराज कौरव, अथर्व/ आशीष खरे,आरव/ आशीष खरे, राघव/ विवेक दुबे, देव/ प्रवीण मोकलकर, नायरा/ खुशबू परचानी, नव्या/अभिषेक कौरव, आरुष/संगीता चौधरी शामिल है। इस प्रतियोगिता का मकसद बच्चों की गणना क्षमता, एकाग्रता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ावा देना है। यह मंच बच्चों को उनके आत्मविश्वास को नई ऊंचाई पर ले जाने का अवसर प्रदान करेगा। हर्ष का विषय है कि हमारी संस्था ग्लोटच एकेडमी के 17 बच्चे यूसीमास की इंटरनेशनल एवं नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे है। साथ ही वर्ल्ड कप 2024 में 1 छात्र जो कि टीम इंडिया के 4 प्रतियोगियों में शामिल है। प्रतियोगिता आगामी 14 एवं 15 दिसम्बर को मल्टीपरपरस हॉल, दिल्ली यूनिवर्सिटी, न्यू दिल्ली में आयोजित होगी। इंटरनेशनल प्रतियोगिता में भारत सहित विश्व के लगभग 50 देशों के यूसीमास कोर्स करने वाले 5 से 13 वर्ष आयु वर्ग के प्रतियोगी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में अंक गणित जोड़, घटाना, गुणा, भाग के 200 सवालों को 8 मिनट में लिखित में हल करने का लक्ष्य होगा। प्रश्न पत्र प्रतियोगी की उम्र एवं कोर्स के टर्म के अनुसार अलग-अलग होगा। इंडिया के प्रतियोगियों को एक ही प्रश्न पत्र हल करना होगा तथा इसी प्रश्न पत्र से नेशनल एवं इंटरनेशनाल प्रतियोगिता के परिणाम अलग-अलग घोषित होंगे। वही सभी प्रतियोगिता के रिजल्ट 14 दिसम्बर की रात्रि 11 बजे के बाद पैन्ट्स के मोबाईल नं.पर एवं यूसीमास की वेबसाईट अथवा यूसीमास इंडिया के मोबाइल नं. पर कॉल करके प्राप्त किये जा सकेगें। रिजल्ट की घोषणा के उपरान्त 15 दिसम्बर 2024 को विजेता हुए प्रतियोगियों को दिल्ली यूनिर्वसिटी में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में ट्राफी, सर्टिफिकेट एवं नगद पुरस्कारों से पुरुस्कृत किया जावेगा। ज्ञात हो कि इसके अलावा राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एकेडमी की छात्र/छात्राएँ प्रतिवर्ष जिले का नाम गौरवान्वित करते आ रहे हैं।



## ग्रामीण क्षेत्रों में बंद ज्यादा पड़ी हुई नलजल योजनायें, शोभा की सुपारी साबित हो रहीं, लाखों की राशि से बनी टंकी बेकार



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शासन प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा की दृष्टि से भले ही नल-जल योजनाओं का गांव गांव शुभारंभ किया जा रहा हो जिसके चलते सरकार का प्रतिवर्ष करोड़ो रूपया भी पानी के नाम पर पानी की तरह ही बहते हुए देखा जा रहा है। लेकिन इन योजनाओं का ग्रामीणों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिसके सच्चाई क्षेत्र की अनेक पंचायतों में देखने आसानी से मिल सकती है, क्योंकि सरकार द्वारा पूर्व में लाखों रूपया खर्च करते हुए अनेक पंचायतों में इस नल जल योजना का शुभारंभ तो कर दिया गया था। मगर वह सिर्फ कागजों तक ही सीमित होकर रह चुकी है। क्योंकि क्षेत्र के अनेक पंचायतों में शुभारंभ के कुछ समय बाद से ही यह योजनाएं बंद पड़ी हुई हैं। बताया जाता है कि नलजल योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की सुविधा के लिए पंचायत स्तर पर शासन प्रशासन द्वारा नल-जल योजना और स्थाई जल योजना चलाई गई थी, जिसके चलते कई पंचायतों में इन योजनाओं का शुभारंभ भी किया गया था। लेकिन योजनाओं से ग्रामीणों को कोई खास लाभ नहीं मिल पा रहा है और जल संकट हर तरफ बढ़ता ही जा रहा है, हालाकि योजनओं का उद्देश्य ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध कराना है, लेकिन इस योजना के तहत डाली गई लाईनों से पानी सप्ताह में एकाध बार भी पानी सही ढंग से नहीं मिलता है। इतना ही नही कई पंचायतों की स्थिति तो इस प्रकार से है कि नलकूपों में बीते लम्बे समय में ताला डला हुआ है। इस सच्चाई के चलते इस योजना के नाम पर शासन के पैसों की बर्बादी ही जान पड़ रही है? इन योजनाओं के बंद होने का कारण भी अलग अलग है। कुछ जल स्त्रोत सूखने व बिजली कनेक्शन कटने तथा अन्य कारणों से बंद हैं। पीएचई विभाग द्वारा इन योजनाओं के शुरू होने के बाद बंद होने पर सूचना मिलने पर भी रूचि न लेकर बंद होने के कारणों को खत्म करने का प्रयास नहीं किया जाता है और न ही दुरूस्तीकरण में कोई रूचि दिखाई जाती है, जिसके चलते आज भी अनेक पंचायतों में ये योजनाएँ बंद पड़ी हुई या फिर होती जा रही हैं। इस योजना को लेकर पीएचई विभाग के अनुसार नल-जल योजना 2 हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में क्रियान्वित की जाती है तथा इस योजना के तहत एक ट्यूबवैल से अनेक नल कनेक्शन पाईप लाईन में बिछाकर दिये जाते हैं, घरों में कनेक्शन के बाद पानी की सप्लाई पंचायत स्तर से प्रति दिन या फिर वहां पर जैंसी पानी की स्थिति होती है के अनुसार की जाती है बदले में पंचायत द्वारा कनेक्शनधारियों से शुल्क भी लिया जाता है। इस प्रकार से एक हजार से कम आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्र में स्थल जल योजना संचालित की जाती है। इस योजना में ट्यूबवैल का खनन करके उसी में मोटर पंप लगाकर कई नल लगा दिये जाते हैं और ग्रामीणों को स्पाट पर ही पानी दिया जाता है, इस योजना में घरों में कनेक्शन नहीं दिये जाते हैं, लोगों को ट्यूबवैल पर ही लगे नलों से पानी भरना पड़ता है, इस योजना को नल-जल योजना में गांव की आबादी बढ़ने पर परिवर्तित कर दिया जाता है।

## पीतल नगरी की सड़क तालाब का रूप धारण करते हुये बता रही नगर परिषद के दो साल के कार्यकाल की सच्चाई



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि नगरी निकाय क्षेत्रों के विकास को लेकर सरकार द्वारा राशि प्रदान करने में किसी तरह की कोई कसर छोड़ी जा रही है। मगर इस तरह शासकीय राशि खर्च होने के बाद भी जब नगर परिषदो की सच्चाई देखी जा रही है तो विकास कार्यो की पोल खुलने से नही चूक पा रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई पीतल नगरी चीचली में देखने मिल रहा है जहां पर नगर की सड़क जिस प्रकार से तालाब का रूप धारण करते हुये नगर परिषद के बीते हुये दो साल के कार्याकाल की सच्चाई को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रही है तो दूसरी ओर सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वाच्छता अभियान को भी ग्रहण लगने से नही चूक रहा है..? बताया जाता है कि नगर परिषद चीचली द्वारा नगर विकास के नाम पर बीते हुये दो सालों के अंदर करोड़ो रूपया खर्च किया जा चुका है। मगर इसके बाद भी नगर की सड़को पर जिस प्रकार से गंदा पानी भरने के कारण यह सड़के तालाब के रूप में दिखाई देने के कारण विकास कार्यो के नाम पर खर्च की गई राशि सबालों के घेरे में आने से नही चूक पा रही है तो दूसरी ओर हाल यह बना हुआ है कि मुख्य मार्ग पर गंदा पानी एकत्र होने का परिणाम है कि अनेक प्रकार के मच्छर पैदा होने के कारण नगरवासी बीमारियों की गिरप्त में आने से नही बच पा रहे है। इसी का परिणाम है कि बीते हुये कुछ महिनों से जिले में फैले हुये डेगू प्रकोप में चीचली क्षेत्र के लोगों को अधिक प्रभावित होते हुये देखा गया है..? वही नगर के लोगों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा नगर विकास के नाम पर करोड़ो रूपया खर्च तो किया गया है। मगर उन विकास कार्यो की सच्चाई इस तरह बनी हुई है कि वह अपना पहला जन्म दिवस मनाने में भी सफल नही हो पाये है। यदि नगर परिषद चीचली क्षेत्र में हुये विकास कार्यो की सक्षम अधिकारियों द्वारा निष्ठा के साथ जांच की जावे तो अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों की गफलबाजी उजागर होने से नही चूक पायेगी..? इस तरह की कार्य प्रणाली के चलते जहां चीचली नगर परिषद सदा ही चर्चा का विषय बनने के साथ साथ नगर परिषद के सदस्यों द्वारा आये दिन शिकायते की जाती रहती है।

## खबर संक्षेप

### स्व. माथुर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

**अमरकंटक।** स्वर्गीय भगवत शरण माथुर जी के पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में श्री नर्मदे हर सेवा न्यास ट्रस्ट अमरकंटक के द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रथम दिवस 10 दिसंबर को नर्मदा तट राम घाट पर प्रातः 10 बजे स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। स्व. माथुर को नर्मदा नदी को स्वच्छ रखने के लिए अनेकों प्रयास किए हैं उन्हीं प्रयास को आगे बढ़ाते हुए राम घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा तथा द्वितीय दिवस संगोष्ठी का आयोजन किया गया है, जो भारतीय परिवेश में आयुर्वेद तथा भारतीय संस्कृति एवं पारंपरिक ज्ञान में समाज की भूमिका मूल विषय पर आयोजित किया गया है।

### जिले में 3 सरपंच व 1 पंच पद के लिए उप निर्वाचन शांतिपूर्वक संपन्न



**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के रिक्त पदों के लिए उप निर्वाचन के घोषित कार्यक्रम के अनुसार सरपंच एवं पंच पद हेतु मतदान संपन्न हुआ। जिसके अंतर्गत जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत परासी में सरपंच पद हेतु 80.96 प्रतिशत एवं ग्राम पंचायत बदरा में पंच पद हेतु 63.20 प्रतिशत, जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत चोरभठी में सरपंच पद हेतु 63.94 प्रतिशत तथा जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत गिरारी खुर्द में सरपंच पद हेतु 67.79 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान कार्य सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की सतत निगरानी से निर्वाचन क्षेत्र में चौकस व्यवस्थाओं से निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न हुआ तथा पंचायत उप निर्वाचन में मतदाताओं में उत्साह देखा गया। सरपंच पदों के मतों की गणना संबंधित विकासखंड मुख्यालय में 13 दिसंबर 2024 को प्रातः 8:00 बजे की जाएगी एवं पंच पद का सारणीकरण एवं परिणाम घोषणा 16 दिसंबर 2024 को प्रातः 10:30 बजे किया जाएगा।

### रेत का अवैध परिवहन करते वाहन धराया

**शहडोल।** जिले की केशवाही चौकी अंतर्गत पुलिस ने रेत का अवैध खनन और परिवहन करते हुए एक बिना नंबर का महिंद्रा ट्रैक्टर जब्त किया है। ट्रैक्टर से कठना नदी से अवैध खनन कर रेत का परिवहन किया जा रहा था। पकरिया गांव में पुलिस ने अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर को पकड़ा। मामले में पुलिस ने चालक और मालिक दोनों को आरोपी बनाया है। चौकी प्रभारी आशीष झारिया ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर महिंद्रा कंपनी का है, जिसमें नंबर अंकित नहीं था। मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। चालक पारस केवट पिता मिठाईलाल केवट उम्र 24 वर्ष और वाहन मालिक विष्णुकांत शुक्ला पिता शंकरदयाल शुक्ला पर खनिज अधिनियम और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। चालक ने बताया कि वह कठना नदी से अवैध रेत भरकर नगर में बिक्री के लिए जा रहा था। यह काम वाहन मालिक के कहने पर किया जा रहा था।

### महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्यस्थल बनाने जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2024 तक हम होंगे कामयाब पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े के तहत शनिवार को वन स्टॉप सेंटर अनूपपुर एवं पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास अनूपपुर में यौन उत्पीडन निवारण अधिनियम (पॉश एक्ट) और महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्यस्थल बनाने हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदाय किये जाने हेतु महिला हितैषी कानूनों की जानकारी के बारे में बताया गया।

# मुख्यमंत्री जन-कल्याण पर्व के तहत जिले में संचालित होंगी विभिन्न गतिविधियाँ : कलेक्टर

***26 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा राजस्व महाअभियान 3.0***

***कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई समय सीमा की बैठक***



**डिंडोरी।** कलेक्टर हर्ष सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम बजाग सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व एवं गीता जयंती कार्यक्रम का आयोजन

कलेक्टर ने बताया कि 11 से 26 दिसम्बर 2024 तक जिले में जन-कल्याण पर्व एवं 11 दिसंबर से 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जनकल्याण महाभियान के तहत विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जायेंगी। उन्होंने बताया कि जन-कल्याण अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के युवा, नारी, किसान तथा गरीब वर्ग के कल्याण एवं विकास के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करना है एवं उनके हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करना है। इसमें 34 हितग्राही मूलक, 11 लक्ष्य आधारित और 63 अन्य सेवाओं को आम नागरिकों तक सहज रूप से पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत संचालित गतिविधियों की सीएम हेल्पलाइन डेशबोर्ड पर मॉनीटरिंग भी की जायेगी। अभियान के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से अपनी भूमिका निभायेंगे। इसके साथ ही उन्होंने जिले में गीता जयंती कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की, कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने अधिकारियों को गीता पर आधारित संगोष्ठी आयोजित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किए। उन्होंने बताया कि गीता जयंती कार्यक्रम के तहत वृहद स्तर पर जिले में गीता का पाठ किया जाएगा।

### खरीफ उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा

जिले में प्रारंभ खरीफ उपार्जन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में सर्वेयर, बारदाना, पेयजल, मापतौल कांटा सहित अन्य अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित करते हुए कहा कि मौसम में हो रहे बदलाव और बारिश की संभावना के मद्देनजर उपार्जन केंद्रों में व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये।

### राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा

राजस्व महाअभियान 3.0 के संबंध में राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए बताया कि राजस्व महाअभियान 3.0 की तिथि बढाकर 26 जनवरी 2025 कर दी गई है। जिसमें लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण, नक्शा तरमीम, पीएम किसान, आधार लिंकिंग, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन का कार्य निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्तीकरण, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, आधार से आरओआर खसरे की लिंकिंग की समीक्षा की। बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन और परम्परागत रास्तों के चिन्हांकन में 96 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए है।कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने नक्शे के बटांकन, आधार से लिंकिंग के लक्ष्य को पूरा करने को कहा, साथ ही उन्होंने पीएम किसान में सेचुरेशन प्राप्त करने के लिए सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में अवैध शराब, वाहन चेकिंग, अन्य नशे संबंधी गतिविधियों के खिलाफ जिम्मेवार विभाग सतत कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने सायबर फ्रॉड, डिजीटल अरेस्ट और अन्य कई माध्यम से फ्रॉड करने पर संबंधित व्यक्ति/बेवसाईट्स के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक करने के लिए कहा, इस सम्बन्ध में एलडीएम श्री रविशंकर ने बताया कि बैंक के द्वारा किसी भी प्रकार की निजी जानकारी फ़ोन के माध्यम से नहीं ली जाती है, इसलिए किसी भी संदेहजनक लिंक को ओपन न करें। बैठक में पीएम जनमन के तहत संबंधित विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए पीएम जनमन आवास, विद्युत आपूर्ति, पीएम स्वनिधि, आंगनबाड़ी, आयुष्मान भारत कार्ड, नलजल, आदि की जानकारी ली। उन्होंने पीएम जनमन आवास के तहत गत सप्ताह की प्रगति व द्वितीय एवं तृतीय किस्त की राशि व नवीन स्वीकृतियों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा की, उन्होंने आयुष्मान कार्ड के शेष लक्ष्य की पूर्ति जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्व-रोजगार एवं रोजगार के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर हर्ष सिंह ने कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए बीज वितरण, उर्वरक की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने पशुपालन और मत्स्य विभाग के किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर हर्ष सिंह ने आदर्श ग्राम चाड़ा के लिए किये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, जिसमें कलेक्टर श्री सिंह ने किसान क्रेडिट कार्ड, उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम आवास, टैप वाटर, बिजली कनेक्शन, टीबी रोग जाँच, आदि योजनाओं के लक्ष्य को पूरा करने के लिए निर्देशित किया। सीएम हेल्पलाईन और समय-सीमा प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर लंबित प्रकरणों को त्वरित निपटान करने के लिए निर्देशित किया।

# किसान 31 दिसम्बर 2024 तक करा सकेंगे फसल बीमा

**डिंडोरी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी 2024 के क्रियान्वयन हेतु कृषकों का प्रीमियम नामे कर बीमा कराने की अंतिम तिथि 31/12/2024 है। फसल बीमा कृषि समृद्वि के लिये एक सुरक्षा कवच की तरह कार्य करती है। जिसमें बाधित बुआई/रोपाई/अंकुरण जोखिमः बीमाकृत क्षेत्र में कम वर्षा अथवा प्रतिकूल मौसमी दशाओं के कारण बुआई/रोपाई/अंकुरण क्रिया न होने एवं होने वाली हानि से सुरक्षा। खड़ी फसल (बुआई से लेकर कटाई तक) गैर वाधित जोखिम यथा सूखे,लम्बी षुष्क कीट व रोग,बाढ़,जल भराव, भूस्खलनों, प्राकृतिक अग्नि दुर्घटना,नाभिकीय एवं आकाशीय बिजली, तूफान, ओलावृष्टि, चक्रवात के कारण फसल को होने वाले नुकसान की सुरक्षा के लिये वृहत जोखिम बीमा दिया जाता है। फसल कटाई उरान्त होने वाले नुकसानः यह बीमा आच्छादन ऐसी फसलों को काटे जाने से अधिकतम दो सप्ताह के लिये ओलावृष्टि,चक्रवात और चक्रवर्तीय वर्षा एवं गैर मौसमी वर्षा के मामले में दिया जाता है। फसल कटाई के बाद खेत में सूखने के लिये वृहत जोखिम बीमा दिया जाता है। स्थानीय आपदायेंः अधिसूचित क्षेत्र में पृथक कृषि भूमि को प्रभावित करने वाली ओलावृष्टि भू-स्खलन और जल भराव, बादल फटना, आकाशीय बिजली कड़कने से प्राकृतिक आग के अभिचिन्हित स्थानीयकृत जोखिमों से होने वाले नुकसान/क्षति शामिल है। योजनांतर्गत ऋणमान प्रति हेक्टेयर एवं कृषक प्रीमियम प्रति हेक्टेयर/एकड़ के अनुसार सिंचित गेंहू का ऋणमान प्रति हेक्टेयर 34500 रूपए व कृषक प्रीमियम दर प्रति हेक्टेयर 517.5 रूपए तथा प्रति एकड़ 207 रूपए है। इसी प्रकार से असिंचित गेंहू का ऋणमान प्रति हेक्टेयर 26000 रूपए व कृषक प्रीमियम दर प्रति हेक्टेयर 390 रूपए तथा प्रति एकड़ 156 रूपए, अलसी का ऋणमान प्रति हेक्टेयर 16500 रूपए व कृषक प्रीमियम दर प्रति हेक्टेयर 247.5 रूपए तथा प्रति एकड 99 रूपए, चना का ऋणमान प्रति हेक्टेयर 30000 रूपए व कृषक प्रीमियम दर प्रति हेक्टेयर 450 रूपए तथा प्रति एकड 180 रूपए, मसूर का ऋणमान प्रति हेक्टेयर 21500 रूपए व कृषक प्रीमियम दर प्रति हेक्टेयर 322.5 रूपए तथा प्रति एकड 129 रूपए, सरसों का ऋणमान प्रति हेक्टेयर 15400 रूपए व कृषक प्रीमियम दर प्रति हेक्टेयर 231 रूपए तथा प्रति एकड़ 92.4 रूपए है।

### फसल बीमा कैसे करें :-

अऋणी कृषक अपनी फसलों का बीमा निकटतम सी.एस.सी.सहकारी समिति एवं राष्ट्रीयकृत बैक (जहाँ कृषक का खाता हो) या अधिकृत बीमा एजेन्टों के माध्यम से बीमा करा सकते है। यह योजना पूर्णतः स्वैच्छिक है। किसान भाई योजना से बाहर होने का विकल्प, बीमांकन की अन्तिम तारीख के सात दिवस पूर्व चुन सकते है। अतः किसान भाई अपनी अधिसूचित फसलों का फसल बीमा कराकर लाभ लें।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**डिंडोरी।** कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, सीएमएचओ डॉ. रमेश मरावी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री श्याम सिंगौर सहित ब्लॉक स्तर के समस्त चिकित्सा अधिकारी, जनजातीय कार्य विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर हर्ष सिंह ने प्रत्येक बीएमओ से विकासखंड स्तर पर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, दवाईयों की उपलब्धता, पैथोलॉजी सुविधाओं, उपलब्ध जांच उपकरण एवं अन्य मूलभूत स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, ओआरएस वितरण, टीबी, मलेरिया, जननी एक्सप्रेस, 108 एम्बुलेंस, एएनसी पंजीकरण सहित अन्य स्वास्थ्य आंकडों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने बिन्दुवार स्वास्थ्य अधिकारियों से विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि रोगी कल्याण समिति की बैठक निरंतर रूप से आयोजित करें एवं मूलभूत सुविधाओं को ठीक करने पर ध्यान दें। कलेक्टर ने जिले के स्वास्थ्य आंकड़ों की समीक्षा की। उन्होंने हाईरिस्क प्रेगनेंसी, एनीमिया, पूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए विशेष ध्यान दें। उन्होंने क्षयरोग अभियान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि क्षयरोग के लिए निरंतर स्क्रीनिंग करें। कलेक्टर श्री सिंह ने आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में जनजातीय कार्य विभाग, ई-गवर्नेंस के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामों में कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड निर्माण में प्रगति लायें। प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य आंकडों को प्रस्तुत करने के लिए सीएमएचओ को निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को स्वास्थ्य सुविधा ठीक करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्री सिंह ने बीएमओ करंजिया को तीन दिवस के भीतर कार्य में प्रगति परिलक्षित करने को कहा। कार्य में प्रगति न होने की स्थिति में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेवार अधिकारियों को कार्यवाही सुनिश्चित करें और स्वास्थ्य सेवाओं को जनसुलभ बनायें।

# ग्राम पंचायत दुहनिया के पोषक ग्राम बैगान टोला में आयोजित हुआ कार्यक्रम

***डिंडोरी।*** *शहपुरा विधायक ओम प्रकाश धुर्वे के मुख्यातिथ्य में आज ग्राम पंचायत दुहनिया के पोषक ग्राम बैगान टोला में प्रधानमंत्री आवास योजना का गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके तहत प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही अमसिया बाई को गृह प्रवेश कराया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राही श्री इंद्रजीत सिंह पिता श्री मंगल सिंह को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। हितग्राहियों ने आवास के लिए आभार प्रकट किया।कार्यक्रम का प्रारम्भ कन्यापूजन कर किया गया एवं बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री धुर्वे ने सी.सी रोड का भी भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जन जन तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। उक्त जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति प्रकाश धुर्वे, सीईओ जनपद पंचायत श्री निखिलेश कटारे सहित जनप्रतिनिधि,अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।*

# हम होंगे कामयाब पखवाड़ा के तहत पी.एम. केंद्रीय विद्यालय डिंडौरी में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**डिंडोरी।** हम होंगे कामयाब पखवाड़ा" के तहत जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर के मार्गदर्शन में आज वन स्टॉप सेंटर "सखी" द्वारा पी.एम. केंद्रीय विद्यालय डिंडौरी में उपस्थित बालक एवं बालिकाओं को वन स्टॉप सेन्टर प्रशासक श्रीमती नीतू तिलगाम द्वारा जेंडर समानता, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह के दुष्परिणाम, हम होंगे कामयाब पखवाड़ा, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरता, पॉक्सो एक्ट 2012, चाइल्ड लाइन (1098), वन स्टॉप सेंटर (सखी), महिला हेल्प लाइन (181) के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बच्चों को गुड टच बेड टच एवं साइबर सुरक्षा पर वीडियो भी दिखाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय का स्टाफ एवं वन स्टॉप सेन्टर केस वर्कर श्रीमती रागिनी धुर्वे एवं विधिक सलाहकार श्रीमती स्मिता चौरसिया उपस्थित रहीं।

### मध्यप्रदेश शिक्षक संघ प्रांतीय इकाई की आवश्यक बैठक संम्पन

**अनूपपुर।** रविवार को मध्यप्रदेश शिक्षक संघ प्रांतीय इकाई भोपाल द्वारा आयोजित बैठक शिक्षक संघ के प्रांतीय कार्यालय शिवाजी नगर भोपाल मे वर्ष 2024 की सदस्यता सम्बंधी समस्त जानकारियों के एकत्रीकरण हेतु प्रदेश के समस्त संभागों के संभागीय अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष की उपस्थित मे संपन्न हुई। उक्त बैठक मे प्रांत अध्यक्ष छत्रवीर सिंह राठौर, प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता उपस्थित रहे। संभाग शहडोल से संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह संभाग के तीनो जिलों शहडोल, अनूपपुर, उमरिया की जानकारी निर्धारित प्रपत्र मे संकलित कर सारी जानकारी प्रान्त को प्रेषित की गई एवं उसकी पावती महामंत्री द्वारा प्राप्त की गई। संभागीय अध्यक्ष द्वारा जिलावार सदस्यता गोस्वारा भी दिया जाकर विकासखण्ड वार सदस्यता की जानकारी दी गई। वर्ष 2024 में शहडोल जिले से 1985 सदस्य अनूपपुर जिले से 586 सदस्य एवं उमरिया जिले से 400 सदस्य संभाग शहडोल में कुल 2971सदस्य बने हैं। उक्त सदस्यों की जिले वार प्रांतीय अंशदान शहडोल जिले से 69475 रु, अनूपपुर जिले से 20510 रु एवं उमरिया जिले से 1400 रु संभाग शहडोल की ओर से 103985 रु प्रांतीय खाते मे जमा की जा चुकी है। उक्त जानकारी संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष एवं महामंत्री को दी गईं। उक्त कार्य संपादन उपरांत सभी लोग भोजन हेतु एवं अपना विद्यालय अपना तीर्थ की अवधारणा को देखने हेतु शा. प्राथमिक विद्यालय सेमरी खुर्द जन शिक्षा केंद्र बागरोदा मिसरोद गए। उक्त विद्यालय का अवलोकन किया गया।

# जागरूकता कार्यक्रम में दी गई यातायात नियमों की जानकारी



**डिंडोरी।** पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आम-जनता को यातायात के नियमों की जानकारी देने के लिये यातायात स्टाफ डिण्डौरी द्वारा लगातार यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में आज कलेक्ट्रेट तिराहा डिण्डौरी में वृहद यातायात जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया।

जिसमें राहगीरों को यातायात के नियमों संबंधी पम्पलेट वितरित किये गए,लोगों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग करने, दो पहिया वाहन में ट्रिपल सवारी न बैठाने, शराब पीकर वाहन न चलाने, ओव्हर स्पीड न चलने, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करने, नाबालिक बच्चो द्वारा वाहन न चलाने की समझाईश दी गई। आटो चालकों को सवारियों के सुरक्षित परिवहन संबंधी दिशा निर्देश देते हुये क्षमता से अधिक सवारी न बैठानें, वाहनों के दस्तावेज दुरूस्त रखने, आटों में महिलाओं के साथ छेडखानी जैसी घटनाओं से बचाने के लिये आवश्यक हिदायतें दी गयी।

स्कूली बच्चो को पम्पलेट वितरण करते हुये उन्हें सडक में बांए तरफ चलने, सडक पार करते समय सुरक्षा संबंधी समझाईशें दी गई। साथ ही ट्रेक्टर ट्रालियों, आटो, पीकप इत्यादि वाहनों में रेडियम टेप चिपकाये गये। कार्यक्रम के दौरान शहर के सराफा व्यापारियों को एकत्रित कर सुरक्षा संबंधी समझाईश भी दी गई।

### डिंडोरी, शहपुरा और बजाग तहसीलदार को चेतावनी पत्र जारी

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत कृषकों की सूची का सत्यापन कर अद्यतन सूची समयावधि में उपलब्ध नहीं कराइ जाने के परिप्रेक्ष्य मे कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब संतुष्टिपूर्वक नहीं देने के कारण प्रभारी तहसीलदार डिंडोरी श्री आर पी मार्को, प्रभारी तहसीलदार शहपुरा श्री पुष्पेंद्र पेंन्द्रे, प्रभारी तहसीलदार बजाग श्री भरत सिंह बट्टे को शेष लंबित सूची 15 दिवस के अंदर कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश के साथ-साथ भविष्य में समयावधि में गंभीरता पूर्वक कार्य करने के लिए चेतावनी पत्र का आदेश जारी किया।

# राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह शासकीय महाविद्यालय मेहदवानी होगा, नाम अधिसूचना जारी

**मेंहदवानी** डिण्डौरी जिले की शासकीय महाविद्यालय मेंहदवानी का नाम अब राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह शासकीय महाविद्यालय मेंहदवानी होगा इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन द्वारा अधिसूचना जारी कर दिया गया है। शासकीय महाविद्यालय मेंहदवानी के छात्र छात्राओं की मांग को देखते हुए तत्कालीन पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री माननीय डॉ मोहन यादव जी पूर्व मंत्री सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, शहपुरा विधायक ओमप्रकाश सिंह धुर्वे एवं पूर्व विधायक भूपेन्द्र सिंह मरावी के अनुशंसा पर माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा 6 अक्टूबर 2023 को घोषणा किया गया था। म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रं एफ 19-196/2003/1/4 दिनांक 28 जून 2004 के परिप्रेक्ष्य में माननीय प्रभारी मंत्री जिला डिंडौरी श्रीमती प्रतिमा बागरी राज्यमंत्री नगरीय विकास एवं आवास म.प्र. शासन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति में प्रस्ताव के अनुमोदन उपरांत शासकीय महाविद्यालय मेंहदवानी का नाम राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह शासकीय महाविद्यालय मेंहदवानी किया गया है। महाविद्यालय का नाम राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह शासकीय महाविद्यालय मेंहदवानी रखे जाने पर महाविद्यालय मेंहदवानी के प्राचार्य व स्टाफ तथा छात्र छात्राओं सहित क्षेत्रवासियों के द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार जताया है।




# करनपठार पुलिस ने अवैध मदिरा की जप्त, गुम इंसान किया दस्तयाब

**अनूपपुर। हरिभूमि न्यूज**

अनूपपुर। अवैध शराब के विरूद्ध निरी. संजय खलखो थाना प्रभारी थाना करनपठार के नेतृत्व में चौकी प्रभारी उपनिरी. मंगला प्रसाद दुबे के दौरान कस्बा भ्रमण हमराह स्टाफ प्र.आर. कृष्ण कुमार पटेल राजेश पाव आर. विनोद जाटव द्वारा 8 दिसंबर को मुखबिर सूचना पर तस्दीक के दौरान एक व्यक्ति अपने किराना दुकान पर मिला जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम राम सिंह बैगा पिता मैकू सिंह बैगा उम्र 35 वर्ष नि. ग्राम अहिरगवां पिपरहा टोला का होना बताया तथा आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग की नायलॉन की बोरी के अन्दर खाकी रंग के कार्टून के अन्दर 40 पाव सफेद प्लेन मदिरा (देशी शराब) प्रत्येक में 180 एमएल कुल 7.2 लीटर कीमती 2400 रुपए उक्त शराब समक्ष गवाहो के समक्ष आरोपी के कब्जे से उक्त शराब समक्ष गवाहों के मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया। आरोपी का अभि. पत्रक मौके से तैयार किया जाकर धारा 35 बीएनएसएस की नोटिस दिया जाकर आरोपी को रूकसत किया गया, वापसी पर आरोपी के विरूध्द धारा 34- ए आब. एक्ट का अपराध पाये जाने से अपराध क्रमांक 209/2024 धारा 34(अ) अबकारी एक्ट का पंजीबध्द किया जाकर विवेचना में लिया गया।

### दस्तयाब किया गुम इंसान

ऑपरेशन मुस्कान के तहत निरी. संजय खलखो थाना प्रभारी थाना करनपठार के नेतृत्व में सउनि धनेश्वर पटेल हमराह स्टाफ म.आर. महेश्वरी मरावी, आर. मनोज कुशवाह, चा.आर. विक्रम मरावी द्वारा थाना करनपठार में दर्ज गुमइंसान क्र. 35/24 की गुमशुदा नाजनीन बेगम पति कलीम अहमद उम्र 25 वर्ष निवासी मेडियारास थाना करनपठार पुलिस द्वारा 8 दिसंबर को गुमशुदा नाजनीन को सूरत गुजरात से वापस लाकर दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया।

## खबर संक्षेप



### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज का परमहंसी आगमन

**गोटेगांव** - परमहंसी गंगा आश्रम में श्री मज्जगद्गुरु समाधि लोकार्पण महोत्सव की तैयारियों के बीच ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज का आगमन हुआ। उनके आगमन पर भक्तों ने भव्य स्वागत किया,महाराज जी ने आश्रम परिसर और श्री मज्जगद्गुरु समाधि लोकार्पण महोत्सव कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन से जुड़े अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए और महोत्सव को सफल बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया,इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### विज्ञान मॉडल प्रर्दशनी का आयोजन



**नरसिंहपुर**। गत दिवस स्थानीय नरसिंह पब्लिक स्कूल में विज्ञान मॉडल प्रर्दशनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान विषय पर आधारित विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट तैयार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नरसिंहपुर के जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यवहार, स्कूल के संरक्षक एम एस ठाकुर एवं अमितेंद्र नारोलिया संभागीय अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन तथा शिक्षा विभाग के दीपक अग्निहोत्री, संचालक तरुणेंद्र सिंह ठाकुर, वरुणेंद्र सिंह ठाकुर संचालिका श्रीमती भारती ठाकुर एवं समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### नर्मदा स्नान करने गये वृद्ध के साथ मारपीट

**नरसिंहपुर**। गत दिवस नर्मदा में स्नान करने गये वृद्ध के साथ अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट कर दी गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्यामलाल नाथ निवासी पुरंगवा नर्मदा स्नान करने के लिये केरपानी घाट गया हुआ था स्नान कर लौटते समय वह मंदिर के पास बैठा हुआ था तभी अज्ञात लोगो द्वारा मारपीट कर दी गई जिससे उसे चोटे आई जिसका उपचार जिला चिकित्सालय मे जारी है।

### अनियंत्रित हुई बाइक चालक घायल

**नरसिंहपुर**। गत दिवस बाइक से घर लौटे रहे व्यक्ति की बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे वह घायल हो गया । मिली जानकारी के अनुसार मुकेश पिता मुन्ना लाल कोरी उम्र 36 निवासी तिंदनी थाना ठेमी गोटेगांव से घर लौट रहा था तभी नयागांव के पास बाइक अनियंत्रित होने से घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### महिला को सर्प ने काटा

**नरसिंहपुर**। गत दिवस घर पर काम करते समय महिला को सर्प ने काट लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रजनी पति प्रकाश मेहरा उम्र 35 वर्ष निवासी हत्थनापुर थाना करेली को घर मे काम करते समय सर्प ने काट लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### धान उपार्जन के लिए एक खरीदी स्थल संशोधित

**नरसिंहपुर**। खरीफ विपणन वर्ष 2024- 25 में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का कार्य 2 दिसम्बर 2024 से 20 जनवरी 2025 तक पंजीकृत किसानों से किया जा रहा है। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में धान उपार्जन के लिए उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए तेंदूखेड़ा तहसील में एक खरीदी स्थल में आंशिक संशोधन करते हुए नवीन आदेश जारी किया है।

# प्रशासन द्वारा हटाया गया हाइवे किनारे से अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



गत दिवस नगर से खमतरा चैराहे पर किये गये अतिक्रमण को हटाया गया। ज्ञात हो कि नरसिंहपुर-सागर हाइवे क्रमांक 44 पर पुलिस और राजस्व विभाग की मौजूदगी में एनएचएआई का अमला सात अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। खमतरा-रौंसरा क्षेत्र में एनएचएआई द्वारा करीब 32 अतिक्रमण चिन्हित किए गए थे। जिनमें से 23 अतिक्रमण को एनएचएआई ने दलबल के साथ 29 नवंबर को हटा दिया था। हाइवे पर ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा जिससे आवागमन बढ़ेगा और इसलिए आसपास के क्षेत्र को खाली कराया जा रहा है।

### पूर्व मे दी जा चुकी थी सूचना

बीते दिनो हटाये गये अतिक्रमण के बाद जो शेष रह गये थे उन्हे हटाने के लिय गत दिवस पुनः कार्रवाई प्रारंभ की गई जिनमें कुछ अतिक्रमण में कुछ कच्चे मकान व कुछ पक्के निर्माण कार्य शामिल थे। जिन्हें आज जोर-शोर और सख्ती से हटाने की कार्रवाई की गई। इस संबंध में नरसिंहपुर एसडीएम ने अनुभाग के अंतर्गत थाना प्रभारियों को पत्र लिखकर बल बुलाया है। शहरी सीमा से लगे खमतरा-रौंसरा क्षेत्र में एनएचएआई की ओर से पहले चरण में जिन 23 अतिक्रमणों को तोड़ा गया था, उनमें से अधिकांश कच्चे मकान थे। अतिक्रमण हटाने के पूर्व प्रशासन द्वारा संबंधितों को नोटिस देकर सूचना दे दी गई थी।

### विवाह होने के कारण दी गई थी मोहलत

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के पहले चरण मे कच्चे मकान और एक दो मंजिला इमारत थी वहीं बड़ा अतिक्रमण एक दो मंजिला इमारत थी। इस दौरान एक घर में विवाह होने के कारण संबंधितों को तीन दिन की मोहलत दी गई थी। इसके बाद अतिक्रमणों को नहीं तोड़ने के लिए राजनीतिक दबाव भी बनाने का प्रयास किया गया, जिसके कारण अधिकारी तय अवधि के बावजूद अतिक्रमण को हटाने में कतराते रहे। लेकिन अब उच्च स्तर से आए आदेश के पालन में अतिक्रमण हटाने की दूसरे चरण की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान कोतवाली, स्टेशनगंज सहित अन्य थाना क्षेत्रों और लाइन बल को भी तैनात किया गया है।

ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है।

### ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जारी

नगर के खमतरा चैराहे पर हाईवे प्रशासन द्वारा ओवर ब्रिज निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिससे आसपास के अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। ओवरब्रिज निर्माण कार्य के साथ व्हीकल अंडर पास का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है जिससे आवागमन होगा। इसके कारण यहां फैला अतिक्रमण हटाना आवश्यक हो गया है, क्योंकि ब्रिज का निर्माण जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा, यहां से वाहनों की आवाजाही के लिए जगह की संकीर्णता बढ़ेगी। वहीं, हाईवे पर व्हीकल अंडर पाथ का कार्य भी चल रहा है, जिसके तहत एप्रोच रोड बनाया जाना है। प्रशासन द्वारा सुविधा के दृष्टि से सभी कार्य किये जा रहे है ब्रिज के निर्माण से आवगमन में भी सुविधा मिलेगी।

## जन-कल्याण पर्व का शुभारंभ कल से योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों का घर-घर जाकर होगा सर्वे

### कलेक्टर ने ली तैयारियों की समीक्षा

**नरसिंहपुर**। युवा, नारी, किसान और गरीब के कल्याण एवं विकास के लिये प्रदेश में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान चलाया जायेगा। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार की शत-प्रतिशत सैचुरेशन में चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं और लक्ष्य प्रदान की गयी योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाये। यह निर्देश कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सोमवार को आयोजित साप्ताहिक टीएल बैठक में मौजूद विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने बताया कि 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक प्रदेश में जन-कल्याण पर्व भी मनाया जायेगा।



इसमें 34 हितग्राही मूलक, 11 लक्ष्य आधारित और 63 अन्य सेवाओं को आम नागरिकों तक सहज रूप से पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान अवधि में शहरी और ग्रामीण अंचलों में शिविर लगाकर आमजन की समस्याओं का निराकरण और पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर योजनाओं का लाभ दिया जाये। जन-कल्याण अभियान के लिये समय-सीमा में अधिकारी-कर्मचारियों के सम्पर्क दल के गठन और योजनाओं के लाभ से वंचित नागरिकों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिये। जिले की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के समस्त वार्डों में लगने वाले शिविरों के स्थान और तिथि का रोस्टर बनाकर प्रचारित-प्रसारित भी किया जाये। शिविरों की मॉनीटरिंग के लिये नगरीय क्षेत्रों में जोन स्तर पर और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक पंचायत क्लस्टर पर एक सेक्टर अधिकारी की नियुक्ति की जाये। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने सीएम हेल्पलाइन की विस्तृत समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि विभागों द्वारा समय सीमा में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण नहीं करने से जिले की रैंकिंग में असर पड़ता है। यह स्थिति निर्मित नहीं हो। सभी विभाग प्रमुख इस बात का ध्यान रखें। दिव्यांगो के चिन्हांकन और उन्हें सहायक उपकरण वितरण करने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में क्षेत्र के लोगों को शिविर की जानकारी की सूचना पूर्व से प्रदान की जाये, ताकि शिविर का लाभ उन्हें मिल पाये। इन कैंपों में संबंधित अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहे। यह सुनिश्चित करें कि शिविर का आयोजन समय पर हो। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने जनपद पंचायत सीईओ और समस्त सीएमओ को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रांतर्गत मृत हो चुके व्यक्तियों और जारी हुए मृत्यु प्रमाण पत्र का मिलान प्रति माह करें।

## बरमान मेला की प्रारंभिक तैयारियों संबंधी बैठक सम्पन्न

**नरसिंहपुर**। नर्मदा नदी तट पर प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर बरमान में लगने वाले प्रसिद्ध बरमान मेले की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में बरमान रेस्ट हाऊस में सोमवार को सम्पन्न हुई। बैठक में विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, मेला समिति के सदस्य, व्यापारबंधु, पत्रकार एवं अधिकारीगण मौजूद थे। बैठक में मेला समिति सचिव ने विस्तार से बरमान मेले के लिए की जाने वाली तैयारियों की जानकारी दी। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों से मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में सुझाव लिये गये। बैठक में बताया गया कि मेले का शुभारंभ 12 जनवरी को प्रस्तावित किया गया है। कार्यक्रम भव्य एवं गरिमामयी रूप में किया जाएगा। मेले का समापन नर्मदा जयंती 4 फरवरी को होगा। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने मेला स्थल पर रास्ता निर्माण एवं मरम्मत कार्य के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये। पुल पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा नहीं हो। बैठक में तय किया गया कि नर्मदा



नदी में नाव में निर्धारित संख्या से अधिक व्यक्ति नहीं बैठ सकेंगे। नाव में जीवनरक्षक सामग्री जैसे लाइफ जैकेट, टार्च, रस्सी आदि उपलब्ध रहेंगे। स्थानीय गोताखोरों को रिफ्लेक्टेड लाइफ जैकेट प्रदान किये जायेंगे। कलेक्टर ने मेला स्थल पर पार्किंग ,चिकित्सा व्यवस्था, आवश्यकतानुसार फायर बिग्रेड, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे, जनरेटर, शौचालय, मेला ले- आउट, घाटों की साफ- सफाई, मंदिरों की पुताई, मोटरबोट, तैराक आदि से संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए कहा कि मेला स्थल पर जगह- जगह अलाव की पर्याप्त व्यवस्था होगी।



## शवदाह हेतू पुनः जलाऊ लकड़ी की व्यवस्था

तेंदूखेड़ा

नगर के सार्वजनिक मुक्तिधाम में शवदाह हेतु जलाऊ लकड़ी की व्यवस्था पुनः प्रारंभ की गयी। विगत कोरोना काल मे उक्त व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की गयी थी। लेकिन कुछ अव्यवस्थाओ के चलते बंद करना पड़ी थी। सेवाश्रम सोसल फाउंडेशन द्वारा जलाऊ लकड़ी क्रय कर व्यवस्था का संचालन प्रारंभ किया। संस्था द्वारा शवदाह हेतु उक्त व्यवस्था में आर्थिक रूप से कमजोर जरूरत मन्दों को निःशुल्क एवं अन्य शुल्क की व्यवस्था दानराशि के माध्यम से की जा रही है।जरूरतमंद व्यक्ति दान रसीद प्राप्त कर लकड़ी प्राप्त कर सकतें है।

## ग्राम पंचायत गौरतला: सड़क निर्माण में बरती जा रही लापरवाही लगे कचरे के ढेर

गोटेगांव

जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गौरतला के ग्राम में पंचायत के माध्यम से सीसी कंक्रीट से सड़क निर्माण किया जा रहा है,जिसमें भारी अनियमिताएं देखी जा रही हैं, ग्राम गौरतला में सीसी सड़क का निर्माण कार्य हो रहा है उसमें तय मोटाई से कम सीसी कंक्रीट की ढलाई की गई है,जो विगत कुछ दिनों में ही उखड़ने लगी है,सीसी कंक्रीट की ढलाई के समय सड़क को पकाने के लिए, सड़क के ऊपर लगभग 15 से 20 दिन तक पानी से तराई की जाती है ताकि सड़क पककर मजबूत हो सके।परंतु इस ग्राम पंचायत में नजरा इसके विपरीत है पतली सीसी कंक्रीट की ढलाई कर दी गई है,और इसके बाद पंचायत के द्वारा तराई का भी कोई बंदोबस्त नहीं किया गया है जिससे मात्रा चंद दिनों में ही नवनिर्मित सड़क से सीमेंट निकलने लगा है। किनारे से गिट्टी निकलने लगी रही है,अब आप सोच सकते हैं कि नवनिर्मित सड़क का चंद दोनों में ही हाल बेहाल हो गया है। इससे यह साफ जाहिर होता है कि पंचायत के द्वारा शासन की राशि को निकालकर बंटाधार किया गया है और उस राशि से घटिया स्तरहीन निर्माण कार्य पंचायत में किया जा रहा है।ग्राम सौजनी में नाली का निर्माण कार्य अधूरा ग्राम सौजनी में विगत कुछ दिनों पूर्व पंचायत के माध्यम से नाली का निर्माण शुरू कराया गया था वह भी महीने भर से बंद पड़ा है, जिससे ग्रामवासियों को भारी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है इस गांव की ज्यादातर नालियां कच्ची है,गांव में जगह-जगह जो कच्ची नालियां है वह गंदगी से बजबजा रही हैं वहीं नालियों से बहने वाली गंदगी सड़कों पर फैल रही है जिससे गांव में बीमारी फैलने का खतरा बन रहा है। वहीं ग्रामवासी बताते हैं कि इस निर्माण कार्य में गुणवत्ता हीन सामग्री का भरपूर प्रयोग किया गया है,ग्रामवासी कहते हैं यह सड़क ज्यादा दिन सही सलामत रहे इसकी कोई गारंटी नहीं है,सड़क पर फैला गंधा पानी जगह-जगह लगे कचरे के ढेर ग्राम गौरतला और सौजनी में दोनों जगह सड़कों पर गंदगी भरपूर मात्रा में फैली हुई है, पेयजल के जो हेडपंप है उसके चारों ओर गंदा पानी जमा हो रहा है,गांव में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए, ग्राम पंचायत स्वच्छता अभियान का पूर्ण रुप से माखौल उड़ाते हुए नजर आ रही है।जब हमारे हरिभूमि संवाददाता ने इस संबंध में ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव से संपर्क करना चाहा तो उक्त दोनों के नंबर स्विच ऑफ बता रहे हैं।





## ग्राम पंचायत सिरकोना के अमृत सरोवर का निर्माण कार्य अधूरा
## ग्रामीणों की मांग निर्माण कार्य की हो सूक्ष्मता से जांच

गोटेगांव



जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिरकोना में निर्माणाधीन अमृत सरोवर का कार्य करीब दो साल से ज्यादा समय से अधूरा पड़ा है। जिससे इस बार भी बारिश का पानी इस सरोवर में नहीं थमा,इस अधूरे कार्य को पूरा कराने शासन-प्रशासन कोई प्रयास नहीं कर रहा है। ग्रामवासी सरोवर के लिए चयनित किए गए स्थल को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं।सिरकोना पंचायत में एक नाले के पास लाखों रुपए की लागत से अमृत सरोवर का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत स्वयं है। इसके बाद भी निर्माण कार्य में गति नहीं रहने से कार्य पूरा नहीं हो पाया है। इस स्थल पर एक साइड की दीवाल मिट्टी की अवश्य बनाई गई है जिसमें आसपास के पत्थर लाकर लगा दिए गए हैं, वह भी तहस नहस हो गई। वही पानी रोकने के लिए सीसी क्रंकीट का कार्य भी एक तरफ ही हो सका है। जिसके कारण बारिश का पूरा पानी बाहर निकल गया वहां,इस स्थल का चयन ग्राम पंचायत ने किस आधार पर किया है, जबकि इसके निचले हिस्से में मिट्टी की जगह पत्थर की चट्टान है। जिसके कारण गहरीकरण का कार्य भी ठीक से नहीं हुआ।वहीं इस अमृत सरोवर के दोनों ओर किसी प्रकार की चट्टान की दीवार नहीं है। दोनों जगह पर मिट्टी डाल कर पानी रोकने के लिए दीवारों का निर्माण किया जा रहा है। वहीं नाले पर सीसी कांक्रीट का कार्य किया गया है। जिस मकसद से अमृत सरोवर का निर्माण किया जा रहा है। यहां पर उसके पूरा होने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। यहां के कुछ लोगों का कहना है कि इस अमृत सरोवर के निर्मित हो जाने के बाद भी अमृत सरोवर में बारिश का पानी संचय नहीं हो पाएगा। निर्माण में कार्य मजदूरों की अपेक्षा मशीनों का अधिक उपयोग किया गया है। वहीं एक मकान का अतिक्रमण नहीं हटाया गया और उसी के पास से अमृत सरोवर की दीवार तक खड़ी कर दी गई है। इसके निर्माण में लापरवाही बरतने के भी आरोप लग रहे हैं। यदि इसकी सूक्ष्मता से जांच की जाती है तो कार्य में की गई घपलेबाजी उजागर होगी, आखिर इस अमृत सरोवर का निर्माण किस वजह से बंद पड़ा है यह क्षेत्र में जन चर्चा का विषय बना है, वहीं ग्रामवासीयों द्वारा मांग की जा रही है कि इस निर्माण कार्य में की गई अनियमिताओं की जांच होनी चाहिए एवं जिम्मेदारो के ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए,ऐसी ग्राम पंचायतें शासकीय योजनाओं में लापरवाही बरते हुए शासन की राशि में चूना लगाते नजर आ रही है।

## सहकारिता में गड़बड़झाला
## जांच के नाम पर केवल औपचारिकतायें

**तेंदूखेड़ा**। सहकारी विपणन संस्थाओं में आये दिन विषय सुर्खियों में बनें हुए हैं। फिर भी कार्यवाही के नाम पर केवल औपचारिकतायें ही निभाई जा रही है। हितग्राही न्याय मांगने हर चौखट पर गुहार लगाने के बाबजूद भी खाली हाथ बैठ गये हैं। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत विगत वर्षों हितग्राहियों के कर्ज की राशि जमा करने के बाद भी राशि जमा ना होने और कर्ज दार बनें रहने के साथ आज तक दोषियों पर उचित दंडात्मक कार्यवाही ना हो पाना सोचनीय विषय बना रहा वहीं पिछले दिनों समर्थन मूल्य के तहत खरीदी गई मूंग का विषय चर्चाओं में बना रहा और मामूली सी कार्यवाही में ही बात आई गई हो गई। इससे यह प्रतीत होता है कि सहकारिता में गड़बड़झाला है। और वरिष्ठ अधिकारियों की सन्लिप्तता बनीं हुई है जो उचित कार्यवाही से परहेज करतें हैं।

### 10 प्रतिशत की राशि कहां जाती है

सहकारी समितियां कृषकों के अंशदान पर ही चला करती है।

**हितग्राही न्याय मांगने हर चौखट पर गुहार लगाने के बाबजूद भी खाली हाथ बैठ गय**

लेकिन इन्हीं कृषकों के नाम पर कितना शोषण हुआ करता है जिसमें समीति प्रबंधकों की बल्ले-बल्ले और हितग्राही कृषक परेशान देखे जाते हैं।वही किसान डेढ़ गुने दामों पर खाद खरीदने मजबूर होता है। सहकारी समीतियों के माध्यम से ऋण लेने वाले हितग्राहियों से 10प्रतिशत मार्जिन मनी के रुप में जमा तो करवाया जाता है लेकिन इस राशि की पक्की रसीद या अन्य कोई व्यौरा नहीं मिलता आखिर कार यह राशि जाती कहां है। हितग्राहियों द्वारा ऋण अदायगी के उपरांत भी ना तो यह राशि भी वापस नहीं होती और ना ही ऋण राशि में यह राशि समायोजन किया जाता।

### बगैर नियुक्ति के बनें प्रबंधक

सहकारी समीतियों में परिवारवाद हावी है।कई दशकों से सहकारी विपणन संस्थाओं में किसी भी तरह की कोई नियुक्ति नहीं हुई है फिर भी समीति प्रबंधक बनें बैठे हैं। और देखते-ही-देखते इनकी आकूत संपत्ति और ठाठ-बाट क्षेत्र में चर्चा के विषय बने हुए हैं।ना कोई योग्यताओं का मापदंड और ना ही कोई जांच पड़ताल सोचनीय विषय बना हुआ है।